महत्वपूर्ण एवं खास

स्थायी वारंटी नक्सली कोंटा अस्पताल से गिरफ्तार

सुकमा(आरएनएस)। जिला में चलाएं जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत मुखबीर से मिली सूचना पर स्थायी वारंटी नक्सली इलाज कराने कोन्टा अस्पताल आया हुआ था। कोन्टा थाना के प्रभारी शिवानंद सिंह की टीम कोंटा अस्पताल की ओर रवाना की गई थी जहां मुचाकी भीमा स्थायी वारंटी नक्सली को कल शाम को पुलिस द्वारा घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सली मुचाकी भीमा स्थायी वारंटी होने से लंबे समय से पुलिस को इसकी तलाश थी। गिरफ्तार नक्सली मुचाकी भीमा पर कई थानों में आईईडी लगाने सहित अन्य मामले दर्ज हैं।

अवैध नशीली दवा विक्रय करते 1 आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर। कोतवाली पुलिस ने कुम्हारपारा इलाके में एक युवक के पास से बड़ी मात्रा में अवैध रूप से विक्रय के लिए मंगाई गई नशीली दवा जब्त कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी युवक प्रताप सागर पिता किशन सागर निवासी दीनदयाल वार्ड अपने ग्राहकों को नशीली दवा उनके घर पहुंचा कर देता था। कोतवाली निरीक्षक एमन साहू ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि माडिया चौक कुम्हारपारा यात्री प्रतिक्षालय के पास एक युवक नशीली दवाओ की ब्रिकी के लिए ग्राहक के तलाश में है, इस सूचना पर कोतवाली पुलिस की टीम ने एक संदिग्ध युवक को पकड़कर उसकी तलाशी लेने पर युवक के बैग में छिपा कर रखे 1200 नग नशा के लिए उपयोग में की जाने वाली गोली बरामद किया। आरोपी युवक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम प्रताप सागर पिता किशन सागर निवासी दीनदयाल वार्ड बैलाबाजार को कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही करते हुए कोर्ट में पेश किया जहां उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा दिया गया।

नकाबपोशों ने की घर में घुसकर युवक की हत्या,मर्ग कायम

रायपुर। नकाबपोश घर में घुसकर एक युवक की हत्या कर दिये वही बीच बचाव करने आई मां को गंभीर चोट आई है। घटना की रिपोर्ट सिमगा थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 14 जुलाई की रात्रि 11 बजे के आस-पास ग्राम केसदा बिलाडी रोड स्थित मकान में रितेश वर्मा 25 वर्ष पिता रामकृष्ण वर्मा को 4 अज्ञात नकाबपोशों ने घर घुसकर हत्या करने की नियत से राड एवं अन्य हथियार से मारपीट किया,मारपीट होता देख बीच -बचाव करने आई मृतक की मां शकुन वर्मा के हाथ में गंभीर चोट पहुंचा है। मृतक के परिजन व गांव के अन्य लोगों को आता देख आरोपी फरार हो गये। मृतक व उसकी मां ईलाज के लिये सिमगा अस्पताल ले जाया गया वहां से डाक्टरों ने उसे रायपुर मेकाहारा रिफर कर दिया,जहां उसकी मृत्यु हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पत्नी का उसके साथ विवाद चल रहा था जिसके बाद से ही वह मायके में जाकर रह रही थी। ऐसा आशंका जताया जा रहा है कि मृतक की हत्या में मायके पक्ष का हाथ हो सकता है। बरहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 302,307,34,458 के तहत अपराध दर्ज कर मर्ग कायम कर लिया है।

नक्सली शहरी नेटवर्क को कोरोना खतरे को देखते रिहा करने की मांग

बीजापुर। नक्सलियों ने पहली बार कोरोना संकट पर अपना मुंह खोलते हुए कोविड-19 वारियर्स की तारीफ की और कहा है कि रेड जोन व हॉट स्पॉट तक ही लॉकडॉउन को सीमित रखा जाना चाहिए। नक्सलियों ने छोटे व्यापारियों और मजदूरों के लिए इस संकटकाल में खास राहत पैकेज की भी मांग की है। नक्सलियों के शहरी नेटवर्क के नाम से गिरफ्तार प्रो आनंद तुमड़े, लेखक वरवरा राव, प्रो.साईबाबा एवं सामाजिक कार्यकर्ता गौतम नवलखा को कोरोना के खतरे को देखते रिहा किया जाना चाहिए।

शादी का प्रलोभन देकर किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

रायपुर(आरएनएस)। शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट पीड़िता ने गंज थाने में दर्ज करायी है। पीड़ित ने बताया कि उसकी जान-पहचान सारीफदीन चौधरी से दोस्ती हुई जिसके बाद नवम्बर माह 2019 से लेकर 15 जुलाई के बीच कई बार शारीरिक संबन्ध बनाया। युवती द्वारा शादी करने कहने पर आरोपी ने गाली-गलोच कर जान से मारने धमकी देकर मारपीट किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 376,2,294,506,323 के तहत अपराध दर्ज कर बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया है।

गौठान से गांवो में बढ़ेंगे रोजगार और आय के अवसर - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री का अखिल भारतीय अघरिया समाज द्वारा किया गया अभिनंदन, राज्य के सभी जिलों में खुलेगा गौठान योजना

रायपुर(आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा सुराजी गांव योजना के तहत नरूवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी को नया जीवन दिया जा रहा है। इसके तहत गांव-गांव में गौठानों का निर्माण किया जा रहा है। इन गौठानों से गांव-गांव में रोजगार और अतिरिक्त आय के अवसर बढ़ेंगे।

मुख्यमंत्री बघेल आज यहां अपने निवास कार्यालय में अखिल भारतीय अघरिया समाज के प्रतिनिधि मण्डल से मुलाकात के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उक्त आशय के विचार व्यक्त किए। प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक ने किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रतिनिधिमण्डल की मांग पर जिला मुख्यालय रायगढ़ के कोतरा रोड स्थित अघरिया भवन के विस्तार के लिए भू-खण्ड प्रदान करने और महासमुंद जिले के अंतर्गत ग्राम पैंता में अघरिया धाम को विकसित करने में हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया। गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ी अस्मिता तथा संस्कृति को शीर्ष पर रखकर अपने कुशल नेतृत्व से प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए मुख्यमंत्री बघेल का अखिल भारतीय अघरिया समाज द्वारा मुलाकात के दौरान अभिनंदन भी किया गया।

रोका छेका अभियान के तहत 40 से अधिक आवारा मवेषियों को पकड़कर गौठान भेजा गया

रायपुर(आरएनएस)। नगर निगम रायपुर के सभी 10 जोनो की विषेष टीमों द्वारा काउकेचर वाहन से राज्य शासन के आदेषानुसार रोका छेका अभियान के तहत प्रतिदिन जोन स्तर पर मुख्य मार्गो में अभियान चलाकर सडक से आवारा मवेषियों की धरपकड कर उन्हें निगम के कांजीहाउस व गौठान में भेजने का क्रम प्रतिदिन निरंतर तेज गति से जारी है। आयुक्त सौरभ कुमार के आदेषानुसार सभी जोन कमिष्नर प्रतिदिन रोका छेका अभियान की मॉनिटरिंग कर जोन स्तर पर विषेष टीम की सहायता से काउकेचर वाहन से आवारा मवेषियों की धरपकड कर उन्हें गौठान भेजना निरंतर सुनिष्चित करवा रहे है। आज जोन 6 ने संतोषी नगर चौक से टिकरापारा, अमीन पारा, प्रोफेसर कालोनी, संतोषी नगर भाठागांव चौक पानी टंकी के पास मुख्य मार्ग में काउकेचर की सहायता से अभियान चलाकर 19 आवारा मवेषियों की धरपकड़ कर उन्हें गोकूल नगर गौठान भेजने कार्यवाही की। वहीं जोन 8 की टीम ने काउकेचर वाहन की सहायता से विषेष टीम के माध्यम से जोन के मोहबाबाजार, एम्स हास्पिटल टाटीबंध, जीई रोड, टाटीबंध चौक, चंदनीडीह मुख्य मार्ग में अभियान चलाकर 23 आवारा मवेषियों की धरपकड कर उन्हें अटारी गौठान में भेजने की कार्यवाही की। अभियान निरंतर तेजी गति से रोका छेका के तहत सभी जोनो में सडक पर होने वाले प्रदूषण, गंदगी, यातायात बाधा आदि की समस्या को दूर करने जारी रहेगा।

52 किलो गांजा देशी कट्टा चार जिंदा कारतूस सहित 2 गिरफ्तार

जगदलपुर। बस्तर जिला अंर्तगत थाना नगरनार पुलिस ने 52 किलो गांजा के साथ दो तस्करों विनेश कुमार और शिवम निवासी उत्तरप्रदेश को एक नग देशी कट्टा और चार जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए गांजे की अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 02 लाख रुपये आंकी गई है। नशे के इस सामान को ओडिशा से उत्तरप्रदेश ले जाया जा रहा था।

मामले की जानकारी देते हुवे नगरनार टीआई शिवशंकर गेंदले ने बताया कि उड़ीसा बॉडर पर सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में नगरनार पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि उड़ीसा से कुछ लोग ट्रक में गांजा भरकर जगदलपुर की ओर आ रहे है।

गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने 2 वर्ष पूर्व हुए निर्मम हत्याकांड के जांच के दिए आदेश

अपर मुख्य सचिव गृह को विशेष टीम गठित कर जांच के लिए किया आदेशित

रायपुर (आरएनएस)। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू राजनांदगांव जिले में 2 वर्ष पूर्व हुए निर्मम हत्याकांड की जांच में राजनांदगांव पुलिस की ढिलाई से नाराज़ हैं। ज्ञात हो कि 10 सितंबर 2018 को राजनांदगांव निवासी रावेन्द्र कुमार नामदेव के 23 वर्षीय पुत्र शुभम नामदेव की हत्या गला रेतकर किया गया था

जिसमें राजनांदगांव पुलिस आज तक हत्यारे को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। मृतक के पिता के अनुसार पुलिस विभाग से जब भी इसके बारे में पूछा गया पुलिस द्वारा जांच चल रहों हैं कह कर बात टाली गई। इससे परेशान होकर मृतक के पिता ने गृहमंत्री से मिलकर उन्हें अपनी समस्या बताई। संवेदनशील मंत्री साहू ने विषय की गम्भीरता को समझते हुए इस मामले में अभी तक किए गए जांच का पूरा ब्यौरा मांगा है तथा अपर मुख्य सचिव गृह को नई टीम गठित कर यथाशीघ्र कार्यवाई के लिए निर्देशित किया

मुख्यमंत्री और मंत्रियों के निर्माणाधीन आवासों का किया निरीक्षण

रायपुर। लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज नवा रायपुर के सेक्टर-24 में मुख्यमंत्री और मंत्रियों के निर्माणाधीन आवास की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री और मंत्रियों के आवास निर्माण की विस्तृत ड्राइंग का अध्ययन किया और प्रमुख अभियंता को गुणवत्ता के साथ आवास निर्माण में तेजी लाते हुए अप्रैल तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंत्री साहू समय-समय पर नवा रायपुर में निर्माणाधीन आवासों का अवलोकन कर प्रगति का जायजा ले रहे हैं।

डकैती व चोरी की वारदातों को अंजाम देने छग पहुंचे मेवाती गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

आरोपियों से देशी कट्टा, तलवार, सब्बल, आरी व अन्य सामान बरामद

कोरबा व बिलासपुर के दुकानों में चोरी की वारदातों को दे चुके है अंजाम

कोरबा(आरएनएस)। कोरबा जिला पुलिस ने डकैती और चोरी की वारदातों को अंजाम देने छत्तीसगढ़ पहुंचे हरियाणा के मेवाती गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने देशी कट्टा, तलवार, सब्बल, आरी व अन्य सामान बरामद किया है। गिरोह के दो सदस्य भागने में कामयाब हो गए जिनकी तलाश की जा रही है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार करीब पांच माह पूर्व फरवरी माह में बिलासपुर और कटघोरा के मोबाईल दुकानों में अज्ञात आरोपियों ने लाखों की चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। इन वारदातों के पीछे हरियाणा के मेवाती गिरोह के होने की जानकारी पुलिस को मिली। जिसके बाद आरोपियों को पकड़ने कोरबा पुलिस की टीम हरियाणा के मेवात गई थी लेकिन वहां आरोपियों को कोई सुराग नहीं मिला।

हालांकि आरोपियों का सुराग बताने पुलिस ने वहां मुखबिरों को सक्रिय कर रखा था। इस बीच मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली मेवाती गिरोह के लोग फिर से वारदातों को अंजाम देने की नियत से छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हुए हैं।

कोरोना से करो बचाओ, मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग अपनाओ

रायपुर(आरएनएस)। राजधानी रायपुर में कोरोनावायरस संक्रमण के लगातार मामले सामने आने लगे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कोविड-19 के दिशा निर्देशों का पालन नहीं करना इसकी मुख्य वजह मानते हुए लोगों से मास्क लगाने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की अपील कर रहे हैं।

हालांकि नगर निगम और पुलिस भी मास्क नहीं पहनने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करने और सार्वजनिक स्थानों पर थूकने वालों पर लगातार कार्यवाई कर रही है। कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए फेस मास्क

को सार्वजनिक जगहों पर पहनना अनिवार्य बताया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने दिशानिर्देश जारी कर एक समुदाय, होम केयर और जो लोग मरीज़ों का ध्यान रख रहे हैं और जिन इलाकों में कोविड-19 के मामले आए हैं, वहां लोगों को मास्क ज़रूर पहनने, सामाजिक दूरी और हाथों को समय-समय पर धोने को बेहद जरूरी बताया है। प्रदेश में मास्क पहनना अनिवार्य- छत्तीसगढ़ सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए राज्य में प्रत्येक नागरिक के लिए मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया है। बिना मास्क लगाए पाए जाने पर 100 रुपए जुर्माना, सार्वजिनक स्थानों पर थूकने पर 100 रुपए और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करने पर 200 रूपए जुर्माने का प्रावधान किया है। नवजात और 2 वर्ष से कम, बेहतर घर में रहना- डॉ. सुभाष पांडेय प्रवक्ता एवं संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य विभाग का कहना है जिस तरह से वयस्क को कोरोना वायरस का संक्रमण हो सकता है, उसी तरह से नवजात और कम उम्र के बच्चों को भी हो सकता है ।

कार और ऑटो में जबरदस्त भिड़ंत ,एक कि मौत, दो गम्भीर

धमतरी (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के धमतरी में बुधवार देर रात कार और ऑटो में जोरदार टक्कर हो गई इस हादसे में एक की मौत हो गई है, वहीँ एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भरती कराया गया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना बुधवार की रात 11 बजे ग्राम कुरमातराई पट्रोल पंप के पास की है. एक कार धमतरी से भखारा की ओर जा रही थी उस दौरान सामने से आ रही ऑटो से टक्कर हो गई. हादसे में ऑटो सवार नसीम खान (22), नरेंद्र (45), गोपी साहू (26) को गम्भीर चोट आई है. जिसके बाद तीनों घायलों को 108 संजीवनी वाहन से अस्पताल में भरती कराया गया. नरेंद्र के सिर में गंभीर चोट की वजह से अस्पताल में उसकी मौत हो गई है. वहीँ घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को पुलिस ने दे दी है।

छत्तीसगढ़ में एक दिन में आज सबसे ज्यादा 197 कोरोना संक्रमित मरीज मिले, 127 डिस्चार्ज भी हुए

रायपुर(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में गुरूवार को एक दिन में सर्वाधिक 197 कोरोना संक्रमित मरीज मिले है, जिसके बाद प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 1282 पहुंच गई है। हालांकि आज 127 भर्ती मरीजों को स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज भी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज रात 8.30 बजे जारी बुलेटिन के अनुसार राज्य में आज मिले 197 नये पॉजीटिव मरीजों में क्रमशः जिला रायपुर से 57, बिलासपुर से 32, राजनांदगांव 23, दुर्ग 17, कबीरधाम 16, सरगुजा 14, जांजगीर-चांपा 12, बेमेतरा 09, जशपुर 05, कोरबा 04, रायगढ़ व बलौदाबाजार से 03-03, बलरामपुर व अन्य जिलों से 01-01 मरीज मिला है। इन मरीजों को भर्ती कराने की प्रक्रिया जारी है।

शहर के इन उद्यानों में केवल महिलाओं की एंट्री

भिलाईनगर (आरएनएस)। नगर पालिक निगम के सभी जोन क्षेत्र में विशेष उद्यान बनाया जा रहा है। जहां केवल महिला और युवतियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। इसे पिंक गार्डन के नाम से जाना जाएगा। महापौर व विधायक देवेन्द्र यादव व निगम आयुक्त ऋतुराज रधुवंशी ने महिलाओं की सुविधा के अनुसासर पिंक गार्डन बनाने का निर्णय लिया है। सभी जोन क्षेत्र में उद्यान के लिए प्रस्तावित जमीन को पिंक गार्डन के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है। निगम क्षेत्र अंतर्गत कुल पांच जोन है। सभी जोन में एक-एक उद्यान को पिंक गार्डन के रूप में संवारा जाएगा।

मौसमी फल और सब्जियों के सेवन से बढ़ेगी शरीर की प्रतिरोधक क्षमता

रायपुर(आरएनएस)। कोरोना वायरस संक्रमण के साथ ही अब बारिश में डेंगू, टायफायड, मौसमी बुखार, मलेरिया और सर्दी-जुकाम के मामलों में तेजी से इजाफा हो रहा है। बच्चे और बड़ो के साथ ही बुजुर्गों की मुशिकलें बढ़ गई हैं। ऐसे में अगर इन मौसमी बीमारियां की गिरफ्त में आ गए तो कोरोना से खतरा और भी बढ़ जाएगा। कोरोना वायरस व मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए बारिश के मौसम में आने वाले फलों व सब्जियों का सेवन सेहत के लिए बेहद जरुरी है।

आयुर्वेदिक अस्पताल के पंचकर्म विभाग के एचओडी डॉ. रनजीप कुमार दास ने बताया इन बीमारियों से लड़ने में शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढाने में मदद करेगी। ऐसे में जरूरी है कि हर उम्र के लोग शरीर की प्रतिरोधक क्षमता पर खासा ध्यान दें। क्क्खानपान और अच्छी दिनचर्या से ही हम अपने शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा सकते हैं।''डॉ. दास का कहना है मौसमी फल, सब्जी, नींबू के अलावा रसोई में बहुत सी चीजें उपलब्ध हैं जिनकी मदद से हर कोई शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा सकता है। आयुर्वेदिक अस्पताल परिसर में कोरोना वायरस से बचाव और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिए आयुष विभाग की ओर से काढा का वितरण किया जा रहा है। इसका लाभ प्रतिदिन ओपीडी में आने वाले मरीज व अन्य लोग सहित लगभग 300 लोग काढा का सेवन कर रहे हैं। सीएमएचओ रायपुर डॉ.मीरा बघेल ने बताया, जिले के अस्पतालों में कोविड से पहले इस वर्ष जनवरी, फरवरी व मार्च में कुल ओपीडी 4.22 लाख दर्ज किया गया था।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जन जातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU